तापमान
अधिकतम 23 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 मकर संक्रांति पर गणपति धाम में पतंग प्रतियोगिता, उमड़ा जन उत्साह



## खबर संक्षेप

### कोरिया की 90 सदस्यीय टीम ने बढ़ाया मान



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वावधान में ग्राम दुधली, जिला बालोद में 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्टीय रोवर-रेंजर जंबूरी में छग ने राष्टीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस जंबूरी में देशभर से लगभग 13 हजार रोवर-रेंजर शामिल हुए। जंबूरी में जिला कोरिया की 90 सदस्यीय टीम ने सहभागिता करते हुए सेवा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका द्वारा किया गया। राष्टीय युवा दिवस पर कोरिया जिले के स्काउट-गाइड्स ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। जंबूरी में छग को 15 नेशनल सर्टिफिकेट व फ्लैग प्राप्त हुए। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्काउट-गाइड आंदोलन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

### विधायक को बचाने सड़क पर उतरी पार्टीः भाजपा

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। भाजपा एमसीबी के जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूरी तरह अपना नैतिक अधिकार खो दिया है और अब वह किसानों की नहीं, बल्कि अपराध और भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं की पार्टी बन चुकी है। श्री द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस विधायक बलेश्वर साहू की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस विधायक पर गंभीर आरोप हैं, उसे बचाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूरी पार्टी एकजुट होकर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनें अजीत

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के पूर्व नगर पालिका



अध्यक्ष अजीत लकड़ा को शिवपुर चरचा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री लकड़ा ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव का आभार व्यक्त किया। श्री लकड़ा ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

### सरगुजा ओलम्पिकः पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ी

**मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा संभाग का अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र खेल प्रतिभाओं की अपार नैसर्गिक क्षमता से परिपूर्ण है। इस क्षमता को पहचानकर ग्रामीण युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल कौशल को निखारने तथा उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त विकासखंडों में खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। पूर्व में निर्धारित पंजीयन अवधि में संशोधन करते हुए अब खिलाड़ियों को 25 जनवरी तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई है।

### पैलेस के समीप बचरापोड़ी मार्ग पर हादसा

# सड़क हादसे में दो नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली अंतर्गत बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग युवकों की मौत हो गई, वहीं एक अन्य बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी की देर शाम स्थानीय पैलेस के पीछे बचरापोड़ी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार ग्राम नरसिंहपुर निवासी महेश सिंह उम्र 25 वर्ष अपनी बाइक से ग्राम पतरापाली निवासी लक्की उम्र 15 वर्ष तथा मुन्ना उम्र 14 वर्ष के साथ बैकुंठपुर आया था और शाम के समय तीनों बाइक में सवार होकर घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान कोरिया पैलेस के पीछे बचरापोड़ी मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को तेज रफ्तार से ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर गए। घटना की सूचना पर तत्काल एम्बुलेंस पहुंची और तीनों



मृत युवक।

घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया , जहां ग्राम पतरापाली निवासी लक्की उम्र 15 वर्ष तथा मुन्ना उम्र 14 वर्ष को जांच पश्चात चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक चालक महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

### हेलमेट नहीं, आई गंभीर चोट-

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में मृतक नाबालिग हेलमेट नहीं पहने थे, जिसकी वजह से अज्ञात कार की जोरदार ठोकर से दोनों मृतकों के सिर फट गए थे। सूत्रों के अनुसार अज्ञात कार और बाइक चालक दोनों तेज रफ्तार से थे। मृतक नाबालिग यदि हेलमेट पहने होते तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी।

### मामले की जांच की जा रही

सड़क दुर्घटना के इस मामले में ठोकर मारने वाली अज्ञात वाहन की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज ली जा रही है, ताकि अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लेकर जांच में जुट गई।

## रक्तदान से जरुरतमंद की बचती है जानः रत्ना

**मनेन्द्रगढ़।** यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने एक सराहनीय पहल की।

- कोतवाली पुलिस और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग रक्तदान शिविर

यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन और निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग एवं पैथोलाजिस्ट डॉ.स्नेहा वर्मा के देख रेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य ना केवल जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना था बल्कि आमजन को यह संदेश देना भी था कि सड़क सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय सेवा भी पुलिस की



प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। शिविर में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालों में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेश सैनी, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, राजकुमार सेन, ज्ञानेश्वर राजवाड़े, हफीज मेमन, अमित पोद्दार, स्वप्निल सिन्हा, मोहम्मद मुजाहिद, गोकुल शर्मा, गुलाम असगर, सोनाली सिंह, अरूण, नितेश मंडल, राशिद अंसारी, किशन यादव, ऋषभ जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्य के साथ मानव सेवा को भी सर्वोपरि मानते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि यातायात जागरूकता माह के दौरान पुलिस द्वारा केवल नियमों के पालन की अपील ही नहीं की जा रही बल्कि जनहित से जुड़े कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### अब तक 7910 क्विंटल धान का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में उपार्जित धान का उठाव कार्य तेज गति और पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जिले में धान उठाव को किसान हित से जोड़कर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। 14 जनवरी को जिले में कुल 22,736 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया, जिसमें से 7,910 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव कर सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जा चुका है। कछोड़, केल्हारी, कोड़ा, कौड़ीमार, खड़गवां, घुटरा, कठौतिया, नागपुर, बरबसपुर एवं माड़ीसरई उपार्जन केन्द्रों से धान का सुरक्षित परिवहन पूर्ण किया गया है। शेष उपार्जन केन्द्रों में भी परिवहन एवं भंडारण की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा आगामी दिनों में वहां से धान उठाव की गति और अधिक तेज की जाएगी।

## अत्याधुनिक आईओएल मास्टर 700 मशीन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक और उल्लेखनीय पहल देखने को मिली, जब श्रीराम हॉस्पिटल एवं आई केयर सेंटर में अत्याधुनिक आईओएल मास्टर 700 मशीन का भव्य उद्घाटन किया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि के रूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे रहे, जिन्होंने फीता काटकर मशीन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. स्वप्निल तिवारी, पूर्व सीएचएमओ डॉ. सुरेश तिवारी, डॉ.विकास पोद्दार, हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अंशुल



शुभारंभ करते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे।

सिंह, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. स्नेहा, डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. आयुष सिंह, डॉ. नमिता निरंजन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.केपी पटेल, अस्थि रोग डॉ. जायसवाल, अधिवक्ता रमेश सिंह, ⏭ शेष पेज 4 पर

## पूर्व विधायक कमरो ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे दो आदिवासी शिक्षकों की बर्खास्तगी के मामले में पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्य सचिव छग शासन, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग तथा आयुक्त सरगुजा संभाग को पत्र प्रेषित कर हस्तक्षेप की मांग की है।



- आदिवासी शिक्षकों को बर्खास्त करने का मामला

पूर्व विधायक श्री कमरो द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार 19 फरवरी 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम साल्ही में निर्वाचन सामग्री वितरण के दौरान नियुक्त कर्मचारियों के संबंध में एक प्रकरण सामने आया। इस दौरान सहायक शिक्षक अशोक कुमार सिंह शासकीय प्राथमिक शाला हर्राटोला एवं सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चुकतीपानी अभय कुजूर विकासखंड मनेन्द्रगढ़ पर कथित रूप से मदिरा सेवन कर निर्वाचन कार्य क्षेत्र में उपस्थित होने का आरोप लगाया गया और आरोप के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला एमसीबी द्वारा दोनों शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की गई। पूर्व विधायक ने इस कार्रवाई को कठोर और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर

# मकर संक्रांति पर रानी कुंडी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के प्रसिद्ध रानी कुंडी तीर्थ स्थल में आज मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रानी कुंडी धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रानी कुंडी परिसर में पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन और दूर-दराज से आए दर्शनार्थी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की सराहना की तथा स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके विचार भी जाने। इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने रानी कुंडी धाम के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रानी कुंडी धाम को गौमुख धाम के नाम से भी जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार यह स्थल धौरेल राजा की रानियों के स्नानागार के रूप में प्रसिद्ध रहा है और यहीं उनका समाधि स्थल भी स्थित है। उन्होंने कहा कि यह स्थल



पूजा-अर्चना करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, अत्यंत रमणीय और पवित्र है, जहां भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थापित है। मंत्री ने बताया कि रानी कुंडी धाम केवल धार्मिक आस्था का केन्द्र ही नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक भी है। मकर संक्रांति मेले में 100 से अधिक जनजातीय सांस्कृतिक दल शामिल हुए हैं, जो शैला, शुगा और कर्मा जैसे पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दे रहे हैं।

## सिद्धबाबा धाम में दो दिवसीय मेले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का दिखा नजारा

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा धाम में आयोजित दो दिवसीय मेले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों और आसपास के जिलों से काफी संख्या में श्रद्धालु सिद्धबाबा के दर्शन व पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक भक्तों की चहल-पहल बनी रही।

मेले के पहले दिन तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर सिद्ध बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। भक्तों ने नारियल, फूल, अगरबत्ती व प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्यदेव की उपासना, दान-पुण्य और तिल-गुड़ के वितरण की परंपरा का भी लोगों ने विधिवत निर्वहन किया। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ



सांस्कृतिक और पारंपरिक रंग भी देखने को मिले। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खाने-पीने के स्टॉल और स्थानीय उत्पादों की दुकानों ने मेले को जीवंत बना दिया। ग्रामीण अंचल की लोक संस्कृति की झलक ने मेले की रौनक और बढ़ा दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण, पेयजल, साफ-सफाई और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रही। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते नजर आए।

### गोयनी के गायघाट में संक्रांति मेला शुरू

**सोनहत।** सुदूर वनांचल ग्राम गोयनी के गायघाट में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 14 जनवरी से दो दिवसीय संक्रांति मेला का आयोजन किया गया है। मेले में विकासखंड स्तर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यह मेला छग एवं मध्यप्रदेश की सीमा पर आयोजित होने के कारण दोनों प्रदेशों से श्रद्धालु, ग्रामीण एवं व्यापारी काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं, इससे मेला स्थल पर विशेष चहल-पहल बनी हुई है। मेले में विभिन्न प्रकार की घरेलू वस्तुएं, खिलौने, खान-पान एवं दैनिक उपयोग की सामग्रियों की दुकानों में अच्छी बिक्री हो रही है, इससे व्यापारियों में उत्साह देखा जा रहा है।

### संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** अभा वनवासी कल्याण आश्रम के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 जनवरी को दोपहर 11 बजे से एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास मनेन्द्रगढ़ में संपन्न होगा। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मकर संक्रांति के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को केन्द्र में रखते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक समरसता को दर्शाने वाले आयोजन आकर्षण का केन्द्र रहेंगे, इसके साथ ही कुबेर जी के लड्डुओं की नीलामी भी आयोजित की जाएगी।

### महिला समता मंच का पारंपरिक पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर महिला समता मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी रविवार को हाई स्कूल ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पारिवारिक और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में बच्चे, युवा, महिलाएं और परिवार सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। आयोजन का उद्देश्य मकर संक्रांति के पर्व को सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाना तथा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना है। आयोजन समिति ने नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी पतंग और मांझा स्वयं लाना होगा। केवल साधारण सूती मांझे का ही उपयोग मान्य होगा। चाइनीज मांझा या किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित मांझा पूर्णतः वर्जित रहेगा। यदि कोई प्रतिभागी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। प्रतियोगिता का अंतिम निर्णय आयोजक समिति द्वारा लिया जाएगा।

### ग्रामीण परिवार को काम मांगने का वैधानिक अधिकार अब खत्म

# बचरापोड़ी में गूंजा कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/बचरापोड़ी

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गुरूवार को पंचायत स्तरीय पदयात्रा निकाली गई, जिसकी शुरूआत ग्राम तमजीरा से बचरापोड़ी के साप्ताहिक बाजार में आयोजित विशाल आमसभा के साथ समापन हुआ।

आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए वीबी जीरामजी अधिनियम को मनरेगा को खत्म करने की सोची-समझी साजिश बताते हुए इसे श्रमिक विरोधी और काला कानून करार दिया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा




की वैधानिक आत्मा को समाप्त कर दिया है। यह कदम महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकार आधारित कानून के रूप में लागू था, जिसके तहत हर ग्रामीण परिवार को काम मांगने का वैधानिक अधिकार था और 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य था, लेकिन नया कानून इसे एक कंडीशनल और केन्द्र-नियंत्रित प्रशासनिक योजना में बदल देता है, जिसे चलाना या बंद करना पूरी तरह सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि राज्यों पर डाला गया 50,000 करोड़ का बोझ केन्द्र सरकार ने मनरेगा में अपनी वित्तीय हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है। इसके चलते राज्य सरकारों पर लगभग 50,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

पहले जहां केन्द्र सीधे फंड जारी करता था, अब राज्यों को पहले 40 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केन्द्र का हिस्सा मिलेगा। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्यों के लिए यह असंभव है, जिससे योजना धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि काम रोकने का ⏭ शेष पेज 4 पर

## एआईसीसी सचिव ग्राम नगर पहुंची

**नगर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्राम नगर में एआईसीसी सचिव एवं छग प्रभारी जरिता लैतफलांग का गरिमामय आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों और ग्रामीणजन से सीधा संवाद किया और बताया कि कैसे मोदी सरकार वीबीजी रामजी जैसे काले नियमों के जरिए गरीबों के काम के अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है।

ग्रामीणों को बताया कि मोदी सरकार सुधार के नाम पर जो नया बिल लाई है, वह असल में गरीबों के लिए। 100 से 125 दिन काम देने की बात सिर्फ एक चुनावी चालाकी है। हकीकत यह है कि पिछले 11 सालों में मोदी सरकार औसत 38 दिन भी काम नहीं दे पाई है। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गइं। प्रभारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए कमर कस कर मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि पंचायत स्तर पर इस आंदोलन को और भी तेज करना है। इस




दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, महामंत्री बृजवासी तिवारी, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, अजीत लकड़ा, सुरेश सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, साहब अख्तर, राजेश पैकरा, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, चांदनी सोनी, मुख्तार अहमद, धीरज सिंह, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, सुमन दुबे, प्रदीप राजवाड़े, गणेश राजवाड़े एवं ग्राम पंचायत नगर के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### एसपी संतोष महतो, सीएसपी, एसडीओपी का स्थानान्तरण, दी गई विदाई

**सूरजपुर।** जिले में बेहतर पुलिसिंग कर अपनी एक खास पहचान बनाने तथा सदैव अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह रहे एसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी को स्थानान्तरण पर पुलिस परिवार द्वारा विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि बीते दिन श्री महतो का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर, श्री पैकरा का डीएसपी यातायात जिला रायपुर व श्री पुजारी का डीएसपी बालक विरूद्ध अपराध अन्वेषण शाखा जिला कोण्डागांव के पद पर स्थानांतरण हुआ है। विदाई सम्मान समारोह में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि स्थानांतरित हो रहे तीनों अधिकारी अच्छे पुलिस अधिकारी है, सभी से बेहतर समन्वय बनाकर अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन लगन व सतर्कता के साथ निभाया। जिले में बेहतर कार्य कर अपनी विशेष पहचान बनाई तथा पुलिस के अभियानों में उनकी सक्रियता दिखती थी। इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ा है।

### तिवारी बने राजपुर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

**राजपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं एवं एआईसीसी पदाधिकारियों से गहन विचार–विमर्श के बाद ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। इसी कड़ी में जिले के राजपुर ब्लॉक का अध्यक्ष नीरज तिवारी को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। नीरज तिवारी वर्तमान में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं तथा पूर्व में जनपद सदस्य के अलावा पूर्व युवा कांग्रेस के सामरी विधानसभा अध्यक्ष के भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजपुर ब्लॉक में संगठन को मजबूत करना कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज किया जाएगा और आगामी चुनावों में कांग्रेस को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।



### श्रीमती विधात्री बनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

**भैयाथान।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। भैयाथान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती विधात्री अखिलेश प्रताप सिंह को बनाया गया है। इसके पूर्व वे जनपद पंचायत भैयाथान की उपाध्यक्ष रही है। उनके द्वारा किए गए कार्य कुशलता को देखते हुए महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद में नियुक्ति की गई है। श्रीमती विधात्री सिंह देव ने कहा है कि जिस उम्मीद से प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुझे यह जवाबदारी दी है इसके लिए भैयाथान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एक-एक कार्यकर्ताओं व समस्त महिला कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगी।



### ब्लॉक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बने मिश्रा

**कुसमी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसमी के ब्लॉक अध्यक्ष की कमान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा फिर से पूर्व में ब्लॉक अध्यक्ष रहे हरीश मिश्रा को सौंपा है। इससे पहले 3 बार कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष के पद संभाल चुके है। ब्लॉक अध्यक्ष के दायित्व को पार्टी के प्रति अच्छे ढंग से निभाने के कारण पुनः हरीश मिश्रा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुसमी के अध्यक्ष पद पर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुसमी में पुनः हरीश मिश्रा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



### महेन्द्र साहू बने ब्लॉक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**रामानुजनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। रामानुजनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र साहू को बनाया गया है। उनके द्वारा किए गए कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद में नियुक्ति कि गई है।



### कार की टक्कर गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** कार की टक्कर से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई।बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर निवासी सुमन कुमार आ. लाल कुमार (21 वर्ष) 7 जनवरी को बाइक से जा रहा था। जैसे ही तकिया जंगल के समीप पहुंचा तभी रामानुजगंज की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 30 जी 8904 के चालक ने टक्कर मार दी। युवक को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

## नियम को दरकिनार कर बना रहे कई लाख ईट, कर रहे बिक्री

# रामानुजनगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित हो रहे अवैध गमला ईंट भट्ठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

इन दिनों रामानुजनगर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में गमला ईट भट्टे का कारोबार जोरो पर हैं। ग्राम नकना और तिवरागुड़ी में कुछ लोगों द्वारा न सिर्फ गमला ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है बल्कि अवैध रूप से निर्माण कर बिक्री किया जा रहा है।

**खास बात**

- बड़े पैमाने पर खप रहा चोरी का कोयला

हैरानी की बात तो यह है कि नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं प्रजापति समाज के लोगों को 50 हजार ईंट बनाने की सीमित छूट है, लेकिन लाखों इट बनाकर धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है जिससे प्रशासन को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

रामानुजनगर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के गांव में नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से गमला ईट भट्ठा का धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। इन क्षेत्र में ईट बनाने के लिए अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे राजस्व को अनावश्यक हानि होती है। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में कई जगह गमला ईट भट्ठा का संचालन कई वर्ष से हो रहा है परंतु जांच व कार्रवाई के नाम पर आज तक सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। हालांकि कुछ लोग अपनी जरूरत व नए मकान निर्माण के लिए गमला ईट भटठा लगाते है। परंतु अधिकांश लोग ऐसे है जो इनके आढ़ में अवैध रूप से गमला ईट को व्यवसाय बना लिए है और औने पौने दाम में बिक्री करने में लगे हुए है। रामानुजनगर से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नकना और तिवरागुड़ी में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक-एक व्यक्ति पांच से दस लाख ईंटें तैयार कर आसपास की ग्राम पंचायतों में शासकीय कार्यों में सप्लाई कर रहे है , जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में आंख मूंदे हुए हैं। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए है। प्रशासन द्वारा किसी प्रकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से अब ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



गमला ईंट भट्ठा में बनाए गे ईंट।

### बना रहे पांच से दस लाख ईट

नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं प्रजापति समाज के लोगों को 50 हजार ईंट बनाने की सीमित छूट है, लेकिन इन नियमों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर एक एक व्यक्ति पांच से दस लाख ईट बनाकर आसपास क्षेत्र में खपा रहे है। इतना ही नहीं किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से गमला ईट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हो गए है और अब शासकीय निर्माण में भी ईट को खपाया जा रहा है।

### खप रहा चोरी का कोयला

आमगांव ओपन कास्ट परियोजना से प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयला चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इस पर किस प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। शाम ढलते ही कोयला तस्करी का दौर शुरू हो जाता है और यही कोयला अवैध गमला ईंट भट्ठों में खपाया जा रहा है। इधर जब ग्रामीण इसका विरोध करते है तो उन्हें धमकाने से भी पीछे नहीं हटते। हालात ऐसे हैं कि कोयला चोर दिनदहाड़े बाइक पर कोयला ले जाते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

ग्राम नकना और तिवरागुड़ी में अवैध रूप से ईट बना कर बिक्री कर रहे है इसकी जानकारी नहीं है। मै इस पर छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी। मामला सही पाए जाने से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**-भूषण कुमार**
जिला खनिज अधिकारी सूरजपुर



# सीमा को लेकर विवाद अवैध अतिक्रमण की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

ग्राम पंचायत बबोली एवं कुदर के बीच लम्बे समय से चल रहा सीमा विवाद आक्रामक रूप लेता जा रहा है। ग्राम पंचायत कुदर के ग्रामीणों का कहना है कि बबौली के ग्रामीण ग्राम कुदर की सीमा में घुसकर राजस्व व वनभूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं जिससे स्थिति तनावपूर्ण बन गई है तथा कभी भी स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

ग्राम पंचायत कुदर की राजस्व एवं वनभूमि पर लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण से दोनों गांवों के बीच लम्बे समय से सीमा का विवाद चल रहा है। ग्राम पंचायत बबौली के ग्रामीण अपने गांव की सीमा बताकर राजस्व की शासकीय भूमि एवं वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण कर खेती कर रहे हैं। ग्राम कुदर के ग्रामीणों द्वारा अवैध अतिक्रमण का विरोध करने पर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है विवाद को बढ़ता देख ग्रामीणों ने हाल में हुई ग्रामसभा की बैठक में इस मुद्दे को उठाया तथा सीमा विवाद का निराकरण कराने की मांग की। ग्राम पंचायत द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार को आवेदन देकर मामले का निराकरण कराने का निर्णय लिया गया। एक पखवाड़े पूर्व ग्राम पंचायत के एक पंच आवेदन लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे तो अधिकारी ने सरपंच सचिव के हाथ आवेदन भेजने की बात कह बैरंग लौटा दिया। बुधवार को उपसरपंच प्रमोद सिंह सीमा विवाद का आवेदन लेकर पहुंचे तो तहसीलदार ने एसआईआर एवं धान खरीदी में व्यस्त होने एवं इस तरह के सीमांकन की व्यवस्था तहसील कार्यालय में नहीं होने की बात कह आवेदन को फेंक दिया।

उप सरपंच प्रमोद सिंह ने बताया कि अवैध अतिक्रमण कभी भी बड़े विवाद का रूप ले सकता है। इस संबंध में एसडीएम एवं कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा।

### एटक के प्रयासों से एसईसीएल के 87 सेवानिवृत्त कर्मियों की लंबित पेंशन रिवीजन हुई स्वीकृत

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ के प्रयासों के फलस्वरूप एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के 87 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है,लंबे समय से लंबित पेंशन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अब पूरी कर ली गई है, जिससे संबंधित कर्मचारियों और उनके परिवारों में संतोष और राहत की खबर है,बताया गया कि उक्त कर्मियों का पिछले तीन वर्षो से प्रकरण लंबित था। एसकेएमएस के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीडब्ल्यूए-11 के अंतर्गत आने वाले ऐसे कर्मचारी,जिनकी सेवानिवृत्ति वेतन समझौता लागू होने से पूर्व हो गई थी,उनका पेंशन रिवीजन बीते तीन वर्षों से लंबित था,इस देरी के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा था।इस मुद्दे को लेकर एटक यूनियन ने लगातार प्रयास किए,पंकज गर्ग के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन एवं सीएमपीएफ कार्यालय जबलपुर के समक्ष मजबूती से यूनियन का पक्ष रखा गया।साथ ही प्रधानमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मामले के शीघ्र निराकरण की मांग की गई, जिसके बाद संबंधित कार्यालय द्वारा 87 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन रिवीजन कर दिया गया है,अब इन कर्मचारियों को संशोधित पेंशन के साथ-साथ लंबित एरियर राशि का भुगतान भी सुनिश्चित हो सकेगा।

# खदान प्रभावित ग्रामीणों व एसईसीएल प्रबंधन के बीच बैठक बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सहक्षेत्र कार्यालय रेहर में उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब प्रबंधन और प्रभावित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से बुलाई गई बैठक बिना किसी ठोस निर्णय के समाप्त हो गई।

- तालमेल बैठाने आयोजित की गई थी बैठक

समस्याएं सुनने के बाद भी समाधान न मिलने से आक्रोशित ग्रामीण प्रतिनिधियों ने बैठक को बीच में ही रद्द कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ पुनः आंदोलन की चेतावनी दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की रेहर, गायत्री एवं केतकी कोल माइंस से प्रभावित ग्राम पंचायत लाच्छा, केतका, जोबगा, पोड़ी, मानी एवं गेतरा के पंच, सरपंच एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों को प्रबंधन के आग्रह पर विगत सोमवार को सहक्षेत्र कार्यालय रेहर बुलाया गया था। बैठक में प्रत्येक पंचायत से पांच-पांच प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बीटीसी प्रशिक्षित स्थानीय बेरोजगारों को ठेका श्रेणी में रोजगार देने, पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े गंभीर मुद्दे प्रबंधन के समक्ष रखे। ग्रामीणों का आरोप था कि लंबे समय से वे इन समस्याओं को लेकर एसईसीएल प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन प्रभावित गांवों के स्थानीय लोगों को दरकिनार कर बाहर एवं दूर-दराज स्थान के मजदूरों को ठेकेदारों और अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा पैसे लेकर रोजगार दिया जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बावजूद स्थानीय युवा बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर हैं,जबकि खनन का दुष्प्रभाव पूरे क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों की मांगों को प्रबंधन ने किया नजरअंदाज

ग्रामीण प्रतिनिधियों का कहना है कि सहक्षेत्र प्रबंधक ने उनकी बातें गंभीरता से सुनीं, लेकिन जब निर्णय की बारी आई तो अधिकांश मांगों को नीतिगत समस्या बताकर टाल दिया गया,इससे नाराज ग्रामीणों का धैर्य टूट गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रबंधन किसी मांग पर निर्णय लेने की स्थिति में नहीं था, तो बैठक बुलाने का औचित्य ही नहीं था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन केवल औपचारिकता निभा रहा है। खनन के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ा है,जलस्तर लगातार गिर रहा है और स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर रूप ले रही हैं, लेकिन इसके बदले ग्रामीणों को न तो पर्याप्त रोजगार मिला है और न ही मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### असंतुष्ट ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

बैठक से असंतुष्ट ग्रामीण प्रतिनिधियों ने एक स्वर में बैठक रद्द करने की घोषणा की और कार्यालय परिसर से बाहर निकलकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे,ग्रामीणों ने यह भी संकेत दिया कि आवश्यकता पड़ी तो गायत्री एवं केतकी खदानों में ठेका प्रथा से चल रहे खनन कार्य को ठप करने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।ग्रामीण प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष किसी एक पंचायत का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के अधिकार और अस्तित्व से जुड़ा है।बैठक में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर प्रशांत शर्मा, एसएमएसएएल केतकी जीएम धीरज शेवाले,सहित ग्राम पंचायत लाच्छा,केतका, जोबगा,पोड़ी, मानी एवं गेतरा के पंच, सरपंच एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समाज का संगठित होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत सोनपुर मंडल में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

- सोनपुर मंडल में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात कथावाचक रविंद्र दुबे ने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि जिसे हम धारण करते हैं वही धर्म है, और अंततः हमेशा धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म का पर्याय ही सनातन है, जिसका अर्थ है जो शाश्वत है और जिसका कभी अंत नहीं होता। उन्होंने सनातन धर्म के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि सुंदरी बाई ने सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक शक्ति एवं सामाजिक एकता पर प्रकाश डालते हुए समाज निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। प्रदीप कुमार झा ने कहा कि समाज को संगठित होकर सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा करनी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ियों तक हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके। मुख्य वक्ता ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कर्तव्यबोध एवं स्व आधारित जीवनशैली को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशप्रेम और संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



# जिपं सीईओ ने ली समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में चल रही धान खरीदी की स्थिति तथा अवैध धान पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

- किया योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए श्री पाटले ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, सेवाओं एवं व्यवस्था की जानकारी ली।



आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत छात्रावासों की स्थिति, भवनों की अवस्था तथा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में निर्माणाधीन स्कूल भवनों की प्रगति, विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी सहित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही एसआईआर अंतर्गत नो-मैपिंग मतदाताओं की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित पोषण कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा कर उनके शीघ्र एवं निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में 17 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संभावित दौरे की तैयारियों तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### पानी निकासी की बात पर पड़ोसी से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**मदनपुर।** पानी निकासी की बात को लेकर पड़ोसी ने न सिर्फ परिवार के साथ मिलकर पड़ोसी के साथ मारपीट किया बल्कि पेट्रोल डाल कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम रविन्द्रनगर निवासी सुनीता शाक्य पति रमेश चंद्र शाक्य (50 वर्ष) ने जयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरसात में पानी निकासी के संबंध में कलेक्टर एवं जनदर्शन में शिकायत की थी। जांच के लिए 12 दिसंबर की सुबह 10 बजे तहसीलदार, आरआई तथा पटवारी आए थे। इसी दौरान जब अधिकारियों से बात कर रहे थे तभी पड़ोसी अवधेश कुमार ने सुनीता के पति से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही अवधेश शुक्ला की पत्नी मनोरमा शुक्ला व लड़की पायल शुक्ला भी गाली गलौज कर विवाद करना शुरू कर दिया साथ ही पेट्रोल डालकर जान से मारने की धमकी दी। घटना को देख मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# एसईसीएल के जर्जर भवन में संचालित हो रहा उप डाकघर, अव्यवस्था से उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर उप डाकघर में लंबे समय से व्याप्त अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, एसईसीएल कॉलोनियों में जारी विद्युत कटौती का सीधा असर डाकघर के कार्यों पर पड़ रहा है, जिससे दिनभर के कई घंटों का कामकाज पूरी तरह बाधित रहता है।

- लगातार हो रही विद्युत कटौती से घंटों कामकाज हो रहा प्रभावित

जानकारी के अनुसार वर्ष 1960 में एसईसीएल की स्थापना के बाद कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए बिश्रामपुर कॉलरी के नाम से उप डाकघर की स्थापना की गई थी,एसईसीएल द्वारा भवन, बिजली एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के बाद यहां डाकघर का संचालन शुरू हुआ, जो आज तक निर्बाध रूप से संचालित है। वर्तमान समय में बिश्रामपुर उप डाकघर केवल चिट्ठी-पत्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां स्पीड पोस्ट, आधार सेवा केंद्र तथा बैंकिंग सेवाएं भी आम जनता को उपलब्ध कराई जा रही हैं। कोयलांचल के बड़े क्षेत्र को कवर करने वाले इस उप डाकघर में उपभोक्ताओं की संख्या भी काफी अधिक है, लेकिन लचर प्रबंधन के चलते स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है।

### खराब जनरेटर वर्षों से अनुपयोगी होकर बंद पड़ा

डाकघर में बिजली कटौती से निपटने के लिए लगाया गया हैवी पावर जनरेटर पिछले तीन वर्षों से खराब पड़ा हुआ है,बताया गया कि इस जनरेटर को स्थापित हुए करीब दस वर्ष हो चुके हैं, लेकिन लंबे समय से यह अनुपयोगी है।बिश्रामपुर उप डाकघर की पोस्टमास्टर जया रानी ने बताया कि जनरेटर खराब होने की जानकारी कई बार लिखित रूप में उच्च प्रबंधन को दी गई है और इससे कार्यों में हो रही परेशानी से भी अवगत कराया गया है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हाल ही में बुधवार को कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत मरम्मत के लिए लिए गए शटडाउन के कारण पूरे दिन डाकघर का कामकाज बाधित रहा, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा,बताया जा रहा है कि बिजली कटौती कोई एक दिन की समस्या नहीं, बल्कि आए दिन ऐसी स्थिति बनती रहती है। लगातार बिजली कटौती के कारण काम नहीं हो पाने से कई बार कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी की स्थिति भी बन जाती है,चूंकि डाकघर एसईसीएल के लीज होल्ड एरिया में स्थित है,इसलिए यहां सीएसईबी की लाइन भी नहीं ली जा सकती, जिससे समस्या और जटिल हो गई है।स्थानीय लोगों और उपभोक्ताओं ने डाकघर के शीर्ष प्रबंधन से तत्काल खराब पड़े जनरेटर की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आए दिन हो रही परेशानियों से आम जनता को राहत मिल सके।

### आबकारी टीम ने दो लोगों से जब्त की 18 लीटर शराब

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहे दो लोगों को आबकारी टीम ने पकड़ा। टीम ने दोनों के पास से कुल 18 लीटर महुआ शराब जब्त किया। दोनों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि दरिमा अंतर्गत ग्राम मोतीपुर निवासी राजकुमार निषाद आ. बुद्धलाल (35 वर्ष) व गांव के ही हिरमनिया पति सुखलाल (55 वर्ष) घर में बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहे है। सूचना पर आबकारी टीम ने दबिश देकर राजकुमार के पास से 9 लीटर जबकि हिरमनिया के पास से 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया। आबकारी टीम ने दोनों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क च, 34(2), एवं 59क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अयोध्या प्रसाद, गंभीर साय, रमेश कुमार गुप्ता व महिला नगर सैनिक गीता सिंह सक्रिय रही।





# बोमन ने शुरू की खोसला का घोंसला 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साल 2006 में रिलीज हुई अनुपम खेर की फिल्म 'खोसला का घोंसला' का सीक्वल की तैयारी शुरू हो चुकी है। हाल ही में इस फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग पर फिल्म की स्टार कास्ट नजर आई। बोमन ईरानी ने भी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। साथ ही फिल्म से जुड़ा एक अपडेट भी शेयर किया है। आगे अपनी पोस्ट में बोमन ईरानी लिखते हैं, 'खोसला का घोंसला 2 के सेट पर कमल खोसला और बंटी के साथ किशन खुराना के रूप में वापसी।' मंगलवार को बोमन ईरानी से पहले अनुपम खेर ने फिल्म 'खोसला का घोंसला 2' की शूटिंग से जुड़ी बीटीएस फोटो शेयर की थीं।

## लाइफ Style

# राशा

## लईकी-लईका का पोस्टर किया शेयर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा थडानी और अभय वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'लईकी लईका' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। भले ही इस पोस्टर में किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर इसने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और 'मुंज्या'फेम एक्टर अभय वर्मा की अगली फिल्म 'लईकी लईका' है। मंगलवार को इस फिल्म के मेकर्स ने पहला पोस्टर साझा किया। इस पोस्टर में फिल्म से जुड़े किसी कलाकार का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर फिर भी इसने सबका ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म के पोस्टर में मेकर्स ने दोनों एक्टर्स का लुक छिपाते हुए एक बड़ी हिंट दी है। पोस्टर को रेट्रो लुक दिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 90 के दशक में दीवारों पर आर्ट वर्क किए जाते थे। इसमें स्नीकर शूज पहने एक लड़का और एक लड़की कपल की तरह खड़े हुए हैं। दोनों के जूतों पर खून बिखरा हुआ है। इस पोस्टर से तो ऐसी हिंट मिलती है कि फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी ही नहीं है। इसमें दोनों के रिश्तों के बीच कोई खतरनाक मोड़ भी यकीनन आएगा। अब इस फिल्म का पोस्टर सामने आने के बाद फैंस और दर्शकों को इसके टीजर का भी बखूबी इंतजार है। बहरहाल, पोस्टर देखने के बाद सभी यह अंदाजा लगा रहे हैं कि फिल्म में रोमांस के साथ जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। सौरभ गुप्ता निर्देशित 'लईकी लईका' में राशा और अभय लीड रोल में नजर आएंगे।




## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्स डे में सुपरहीरोज की वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्स: डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्स: डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। टीजर में फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं।



# वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी।



# मर्दानी 3 में नई विलेन अम्मा आएंगी नजर

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' में मल्लिका प्रसाद विलेन के किरदार में नजर आएंगी। इस किरदार पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। मल्लिका प्रसाद ने इस किरदार पर बात की है। यश राज फिल्म्स ने अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें रानी मुखर्जी एसीपी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही हैं। ट्रेलर में एक नई विलेन, अम्मा को दिखाया गया है। इस रोल को मल्लिका प्रसाद ने निभाया है। वह मानव तस्करी नेटवर्क का मुख्य चेहरा हैं। अपने किरदार पर मल्लिका प्रसाद ने कई बातें बताई हैं। पिछली फिल्मों से अलग विलेन के तौर पर अम्मा को अलग तरह से पेश किया गया है। वह काफी हिंसात्मक भी हैं। ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने मल्लिका प्रसाद की परफॉर्मेंस पर रिएक्शन दिया है।



# आइटम सॉन्ग करके लगता है अच्छा

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा अपने आइटम सॉन्ग के लिए जानी जाती हैं। अब उन्होंने अपनी इमेज को लेकर कहा है कि उन्हें 52 की उम्र में डांस करके अच्छा महसूस होता है, इसके लिए उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि इसमें इतनी क्या बड़ी बात है। मलाइका अरोड़ा को बॉलीवुड में उनके आइटम नंबर्स के लिए जाना जाता है। चाहे वो शाहरुख खान के साथ 'चल छैयां छैयां' हो या फिर सलमान खान संग 'मुन्नी बदनाम हुई'। उनके डांस को फैंस बेहद पसंद करते हैं। पर कई बार इसके लिए उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की है और कहा कि आइटम सॉन्ग करके उन्हें मजबूती का एहसास होता है। वो इसके लिए माफी क्यों मांगे। मलाइका अरोड़ा को 2025 में यो यो हनी सिंह के 'चिलगम' म्यूजिक वीडियो में देखा गया था।

## टीवी मसाला



# महादेव एंड सन्स: रिश्तों की सबसे कठिन परीक्षा

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

कलर्स के नए शो महादेव एंड सन्स में शक्ति आनंद महादेव के किरदार में नजर आएंगे। कहानी के अनुसार, 25 साल पहले महादेव को विद्या से प्यार हो जाता है। विद्या का किरदार निभा रही हैं स्नेहा वाघ। दोनों शादी कर लेते हैं, लेकिन परिवार इस रिश्ते को स्वीकार नहीं करता। क्योंकि, महादेव उनके ही घर में काम करते हैं। 25 साल बाद बच्चे भी बड़े हो गए हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। समय के साथ यह रिश्ता किस मोड़ पर पहुंचेगा और परिवार का रवैया बदलेगा या नहीं - यही इस शो की मुख्य कहानी है।

**एक अच्छा इंसान होना सबसे ज़रूरी : शक्ति आनंद**

महादेव के किरदार में नजर आ रहे शक्ति आनंद ने कहा कि इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम करने के लिए एक अच्छा इंसान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर एक्टर 19-20 भी हो तो चल जाता है, लेकिन आपके साथ लोग बार-बार काम करना चाहें, यह बहुत मायने रखता है।' शक्ति आनंद के मुताबिक मेहनत, डिसिप्लिन, पॉजिटिविटी और खुश रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई काम करें, शिद्दत से करें।' अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि यह रोल उनके लिए अलग है। 'मैंने पहली बार इस तरह की दाढ़ी बढ़ाई है, बोलने की भाषा भी थोड़ी अलग है। एक्टर के तौर पर अलग-अलग रोल आपकी जर्नी को नई दिशा देते हैं। एक कलाकार के लिए जरूरी है कि वह अपनी जिंदगी और काम में कुछ अलग करे।'

**विद्या के लिए महादेव ही सब कुछ है : स्नेहा वाघ**

जब स्नेहा वाघ से पूछा गया कि प्यार और परिवार में विद्या किसे चुनेगी, तो उन्होंने कहा,' चुनना तो सब कुछ विद्या को ही है, लेकिन उसके लिए महादेव ही परम है।'उन्होंने बताया कि विद्या बहुत सीधी-सादी लड़की थी। उसे लगा था कि वह महादेव से शादी करेगी और परिवार मान जाएगा, लेकिन उसके साथ उल्टा हो गया।अब जब शादी हो चुकी है, तो महादेव ही उसकी दुनिया है।' जब यही सवाल उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर किया गया, तो स्नेहा ने कहा,' मैं ऐसी परिस्थिति में आती ही नहीं।

## वीरा का रतन किरदार सबसे मुश्किल

अपने अब तक के किरदारों पर बात करते हुए स्नेहा वाघ ने कहा कि उनके दिल के सबसे करीब 'ज्योति' का किरदार है। लेकिन टीवी सीरियल 'वीरा' में 'रतन' का किरदार निभाना उनके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा।उन्होंने कहा, 'मैं बहुत एक्सप्रेसिव इंसान हूं, अपना कोई भी इमोशन छुपा नहीं पाती। लेकिन 'वीरा' में बच्ची के लिए प्यार छुपाना पड़ता था। इसलिए शो के शुरुआती तीन महीने मैंने किसी से बात नहीं की। बस यही सोचती रही कि इस किरदार को कैसे निभाऊं। आज भी उस किरदार की रील्स सोशल मीडिया पर आती हैं और दर्शकों का प्यार मिलता है।

# राहु केतु पर भी चली सेंसर बोर्ड की कैंची, कांतारा वाला सीन हटा

**मुंबई।** पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों को एटरेटन करने के लिए रही है। 'फुकरे' के बाद अब ये दोनों फिल्म 'राहु केतु' में दिखाई देंगे, जो कि कॉमेडी-ड्रामा जॉनर की है। इसका ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ था और फिर इसे सेंसर बोर्ड के पास भेजा गया था। जहां पर इसको यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है। और साथ ही मेकर्स से सीबीएफसी ने कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं।



फिल्म में चंकी पांडे, पीयूष मिश्रा, अमित सियाल और मनु ऋषि चड्ढा के अलावा शालिनी पांडे भी हैं। ये 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी और आमिर खान की मूवी 'हैप्प पटेल' से टकराएगी। फिल्म 'राहु केतु' के निर्माताओं को एक डायलॉग बदलने के लिए कहा गया है। साथ ही ड्रग्स को सूंघने और उसे लेने वाले सीन को किसी दूसरे शॉट्स से बदलने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, जहां-जहां पर मिडिल फिंगर दिखाई गई है, उसे छोटी उंगली से रिप्लेस करने और सभी एल्कोहल ब्रांड्स के नाम भी हटाने का आदेश दिया गया है। बोर्ड ने मेकर्स को फिल्म में इस्तेमाल किए गए संस्कृत के श्लोक के लिए ऑथेंटिकेशन लेटर भी जमा करने के लिए कहा। एग्जामिन कमेटी ने 'कांतारा' फिल्म के चीखने वाले म्यूजिक को रिप्लेस करने का निर्देश दिया। इस मूवी को विपुल विग डायरेक्ट कर रहे हैं और प्रोड्यूसर उमेश कुमार बंसल, प्रगति देशमुख, सूरज सिंह और वर्षा कुकरेजा हैं। इसे जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया गया है। 'राहु केतु' की सलमान खानस अमिताभ बच्चन और संजय दत्त ने तारीफ की है।

# मायासभा में डरावने किरदार में नजर आएंगे जावेद जाफरी...

*तुम्बाड फिल्म के निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी फिल्म 'मायासभा' का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। फिल्म का टीजर काफी भयानक है। तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मायासभा'। मायासभा का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर में जावेद जाफरी का अनोखा अवतार देखने को मिला, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।*

**मुंबई।** निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी हॉरर फिल्म 'मायासभा' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की शुरुआत एक छोटे बच्चे से होती है, जो हेलमेट पहने सड़कों पर भटक रहा होता है। इस सीन में पीछे जावेद जाफरी की आवाज में कबीर का एक दोहा सुनाई देता है। गौर से देखें तो यह फिल्म एक तरह से सर्वाइवल हॉरर की कहानी ज्यादा लग रही है। फिल्म 'मायासभा' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आपको रहस्य, जादू और रोमांच देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन 'तुम्बाड' के लेखक और निर्देशक राही अनिल बर्वे ने किया है। यह राही अनिल बर्वे की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जावेद जाफरी एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगे। इस फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण गिरीश पटेल और अंकूर जे सिंह कर रहे हैं। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा इसके सह-निर्माता हैं।




## प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं

# 11 की उम्र में लिखी पहली गजल, गाने लिखने के अलावा किया अभिनय

**नई दिल्ली।** मशहूर शायर और हिंदी फिल्मों के दिग्गज लिरिसिस्ट कैफी आजमी ने फिल्मों में गाने लिखने के अलावा डायलॉग लिखे हैं और अभिनय किया है। उनकी लव लाइफ काफी दिलचस्प रही है। भले ही कैफी आजमी 2002 में इस दुनिया को अलविदा कह गए हों, लेकिन उनके गाने आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। उन्होंने प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं।



### आंदोलन की वजह से छोड़ी पढ़ाई

कैफी आजमी की पैदाइश 14 जनवरी 1919 को उत्तर प्रदेश के जिला आजमगढ़ में हुई। साल 1942 में कैफी आजमी ने भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अपनी पर्शियन और उर्दू की पढ़ाई छोड़ दी। उस वक्त तक वह एक मशहूर शायर के रूप में जाने जाने लगे थे। वह प्रोग्रेसिव राइटर थे। उन्होंने शौकत आजमी से शादी की थी। उनकी एक बेटी बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी हैं।

### पिता ने टेस्ट लिया, हो गए पास

कैफी आजमी को बचपन से लिखने का शौक था। जब वह महज 11 साल के थे, तो उन्होंने एक मुशायरे में शिरकत की। यहां उन्होंने 'इतना तो जिंदगी में किसी के खलल पड़' गजल पढ़ी। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। कैफी आजमी के पिता को लगा कि उन्होंने अपने बड़े भाई की गजल पढ़ी है। इसके बाद पिता ने उनका टेस्ट लिया कि क्या यह गजल कैफी ने खुद लिखी है? कैफी आजमी इसमें पास हो गए।

### गरीबी में भी शौकत ने नहीं छोड़ा साथ

कैफी आजमी की जब शौकत से शादी हुई तो उनके पास बेड भी नहीं था। दोनों ने पहली रात दरी पर गुजारी। एक बार शौकत की चप्पल टूट गई। उन्होंने इसे कैफी को बनवाने के लिए दी। कैफी को जब देर हो गई तो शौकत दूसरी टूटी चप्पल पहनकर किसी काम से लोकल ट्रेन में गईं। जब ट्रेन चलने वाली थी तो कैफी आजमी कुर्ते में चप्पल छिपाकर स्टेशन पहुंचे और चलती ट्रेन में शौकत को दी। शौकत पहले तो काफी गुस्से में थीं लेकिन शौकत के परेशान और शर्मिंदा चेहरे को देखकर गुस्सा भूल गईं।

### कैफी आजमी को कौन से अवॉर्ड मिले?

- कैफी आजमी को पद्मश्री से नवाजा जा चुका है।
- उन्हें उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से अवॉर्ड मिल चुका है।
- 'आवारा सजदे' के लिए साहित्य अकादमी अवॉर्ड फॉर उर्दू मिला है।
- महाराष्ट्र उर्दू अकादमी का स्पेशल अवॉर्ड, सोवियत लैंड नेहरू अवॉर्ड मिला है।
- एफ्रो-एशियन राइटर असोसिएशन की तरफ से लोटस अवॉर्ड मिला है।

### बतौर एक्टर किया काम

कैफी आजमी ने फिल्मों में लिरिसिस्ट के अलावा एक लेखक और एक्टर के तौर पर काम किया है। उन्होंने सबसे पहले फिल्म 'बुजदिल' के लिए लिरिक्स लिखे। उन्होंने एक लेखक के तौर पर सबसे अच्छा काम 'हीर रांझा' में किया। उन्होंने इस फिल्म के डायलॉग लिखे थे, जो शायरी के रूप में थे। साल 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'नसीम' में उन्होंने अदाकारी भी की। इसमें उन्होंने नसीम के दादा का रोल किया था।

### गजल सुनकर दिल दे बैठी थीं शौकत

एक बार शौकत आजमी मुशायरा सुनने गईं। यहां कैफी आजमी ने गजल 'उठ मेरी जान मेरे साथ ही चलना है तुझे' पढ़ी। यह गजल शौकत को इतनी अच्छी लगी कि वह उन्हें दिल दे बैठीं। कैफी आजमी से शादी के लिए जब शौकत के पिता और भाई उन्हें देखने मुंबई आए तो उन्होंने उनकी फक्कड़ हालत देखकर शादी से इनकार कर दिया। हालांकि शौकत आजमी नहीं मानीं और उन्ही से शादी की।

